केंद्रीय विद्यालय संगठन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय)

क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई आई.आई.टी.कैंपस, पवई, मुंबई –400076.

दूरभाष / Tel. (022) 2572 2328/25728060

Website-https://romumbai.kvs.gov.in E-mail: admn.romumbai@kvs.gov.in

नीलामी सूचना

केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, आईआईटी, पवई, मुंबई 400 076 द्वारा कंप्यूटर, फर्नीचर आदि अनुपयोगी एवं क्षतिग्रस्त वस्तुओं के निस्तारण हेतु "जैसा है, जहां है" (As is, where is) के आधार पर नीलामी आयोजित की जानी प्रस्तावित है। यह नीलामी दिनांक 27.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक फर्म/व्यक्तियों को नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व कार्यालय में रु. 500/- की जमानत राशि जमा करनी होगी। कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के लिए बोलीदाता केवल ई-वेस्ट पंजीकृत फर्म ही होनी चाहिए तथा उन्हें नीलामी में स्वयं उपस्थित होना होगा अथवा अपने विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि को भाग लेने हेतु भेजना होगा।

नीलामी उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता को प्रदान की जाएगी। सफल बोलीदाता को जमानत राशि के समायोजन के उपरांत शेष राशि तत्काल जमा करनी होगी। पूर्ण बोली राशि प्राप्त होने के पश्चात नीलाम किए गए कंप्यूटर एवं अन्य स्थायी संपत्तियां सफल बोलीदाता को सौंप दी जाएंगी तथा उन्हें उसी दिन कार्यालय परिसर से उक्त सामग्री को उठाकर ले जाने की जिम्मेदारी होगी।

उपायुक्त